उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या-209/2016/1998 /71-1-2016-जी-131/2015
लखनऊ : दिनांक 22 दिसम्बर, 2016
कार्यालय-ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के विरूद्ध प्रवक्ता, **फोरेन्सिक मेडिसिन** की विशिष्टता में प्रवक्ता के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लोक सेवा आयोग उ0प्र0 के पत्र संख्या-247/09/डी0आर0/सेवा-8/2014-15, दिनॉक 22-07-2016 एवं पत्र संख्या-247(1)/09/डी0आर0/सेवा-8/2014-15, दिनॉक 11-08-2016 में की गयी संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय संलग्न सूची में उल्लिखित विवरणानुसार 07 अभ्यर्थियों को वेतन बैण्ड रू0 15600-39100 ग्रेड पे रू0 6000/- में निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त/तैनात करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-

(1) संबंधित अभ्यर्थी को प्रवक्ता के पद/वेतनमान के अनुरूप समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते अनुमन्य होगें।

(2) संबधित अभ्यर्थी एक माह के अन्दर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर ले अन्यथा यह नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा और उनका अभ्यर्थन समाप्त हो जायेगा।

(3) नियुक्ति स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु संबंधित अभ्यर्थी को किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय न होगा।

(4) संबंधित अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश सरकारी डाक्टर (एलोपैथिक) प्राइवेट प्रैक्टिस निबन्धन नियमावली, 1983 के अनुसार प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। मेडिकल अभ्यर्थियो को प्राइवेट प्रैक्टिस के बदले उन्हें नियमानुसार निर्धारित दर से प्रैक्टिस बन्दी भत्ता देय होगा।

(5) उक्त नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा नियमावली, 1990 (यथासंशोधित) के प्राविधानों के अधीन होगी तथा उक्त नियमावली के नियम-18 के अन्तर्गत परिवीक्षा अवधि दो वर्ष की होगी।

(6) संबंधित अभ्यर्थी को यथावश्यक जनहित में प्रदेश के किसी भी राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में उसी पद पर स्थानान्तरित कर तैनात किया जा सकेगा।

2- कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने आवश्यक होगें:-

(1) दो ऐसे राजपत्रित अधिकारी जो सेवा में हो और उनके निजी जीवन से पूर्ण रूप से परिचित हो, किन्तु उनके संबंधी न हो, द्वारा प्रदत्त अच्छे चरित्र का प्रमाणपत्र।

(2) अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक शपथपत्र।

(3) ओथ एलीजिएन्स का प्रमाण-पत्र।

(4) गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

(5) चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(6) एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न होने का प्रमाण-पत्र।

3- अभ्यर्थी संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उपरान्त ही संबंधित मेडिकल कालेज में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

4- अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व संबंधित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा संबंधित अभ्यर्थी से इस आशय का शपथपत्र ले लिया जाएगा कि उनके चरित्र एवं प्राग्वृत्त सत्यापन के संबंध में कोई प्रतिकूल तथ्य पाए जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

डा0 अनिता भटनागर जैन
प्रमुख सचिव।

संख्या:- 209/2016/1998 (1)/71-1-2016- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया नियुक्ति आदेश की प्रति वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करे।
4- प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, बॉदा, जालौन, बदायूँ, गोरखपुर, कानपुर, मेरठ, झॉसी ।
5- कोषाधिकारी,/वरिष्ठ कोषाधिकारी, बॉदा, जालौन, बदायूँ, गोरखपुर, कानपुर, मेरठ, झॉसी।
6- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, बॉदा, जालौन, बदायूँ, गोरखपुर, कानपुर, मेरठ, झॉसी ।
7- मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद- कानपुर नगर , गाजीपुर, लखनऊ, झॉसी, हरिद्वार (उत्तराखण्ड), पानीपत (हरियाणा), भरतपुर (राजस्थान) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे संबंधित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके स्वास्थ्य परीक्षण आख्या शासन को उपलब्ध करायें।
8- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
9- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

कार्यालय ज्ञाप संख्या-209/2016 /1998 /71-1-2016-जी-131/2015,

दिनांक 22 दिसम्बर, 2016 का संलग्नक:-

क्र0 सं0	अभ्यर्थी का नाम तथा अनुक्रमांक	पता/ गृह जनपद	राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज का नाम जहॉ तैनाती की गयी है।
1	डा0 मुकेश कुमार बंसल (अनु0-52010074955)	श्याम नगर कालोनी, कटरा, नादवाई, भरतपुर, (राजस्थान)	राजकीय मेडिकल कालेज, बॉदा।
2	डा0 चरक सांगवान (अनु0-52010027258)	सांगवान नर्सिंग होम, निकट नई सब्जी मण्डी, पानीपत, हरियाणा।	राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन ।
3	डा0 नेहा सिंह (अनु0-52050651617)	एल0आई0जी0 0-8 पार्षद नगर, कानपुर, उ0प्र0 208024	राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ ।
4	डा0 प्रदीप यादव (अनु0-52050172174)	ग्रा0- खुर्दपुर, जमनियां, गाजीपुर, उ0प्र0।	राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर ।
5	डा0 आलोक कुमार पाठक (अनु0-52020599639)	सी0-3329 राजाजीपुरम, लखनऊ, उ0प्र0 226017	राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर।
6	डा0 अनुज गुप्ता (अनु0-52020481224)	सी0-87, शिवालिक नगर, हरिद्वार, उत्तराखण्ड, 249403	राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ।
7	डा0 मुस्तरिया पंकज कुमार सुशील (अनु0-52030261887)	17 मदक रवाना, कपूर टेकरी, झॉसी, उ0प्र0 284001	राजकीय मेडिकल कालेज, झॉसी ।

आज्ञा से,

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।